बरेली, बुधवार
24 अक्टूबर 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 22

दैनिक जागरण

PAGE NO 9 : MIDDLE RIGHT

डीजे नाइट में मस्ती के साथ नवरस का समापन

जागरण संवाददाता, बरेली : श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय राष्ट्र स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आमोद-2018 एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जेस्ट-2018 'नवरस' का मंगलवार को समापन हुआ।

टायरो क्लब की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मेजबान संस्थान के साथ ही उप्र एवं उत्तराखंड के 1400 से अधिक विद्यार्थियों ने खूब मौज-मस्ती की। हर कोई अपने मोबाइल में हर क्षण की तस्वीर कैद करता नजर आया। विद्यार्थियों ने मंच पर ग्रुप डांस, एकल डांस, और गायन के मंझे हुए कलाकारों की तरह प्रस्तुतियां दीं। वहीं, खो-खो (बालिका वर्ग) और बैडमिंटन (बालक वर्ग) में एसआरएमएस की टीम प्रथम, 100 और 200 मीटर दौड़

एसआरएमएस में कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी • जागरण

(बालिका वर्ग) में आकांक्षा नेगी और किरन दीप, 200 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में दुष्यंत, ऊंची कूद (बालिका वर्ग) में आकांक्षा नेगी, ऊंची कूद (बालक वर्ग) में संदीप यादव, 400 मीटर (बालिका वर्ग) में आकांक्षा नेगी, 400 मीटर

दो दिवसीय कार्यक्रम

- एसआरएमएस में हुई खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं
- उप्र एवं उत्तराखंड के चौदह सौ विद्यार्थियों ने लिया भाग

(बालक वर्ग) में अनुभव बलियान, शॉटपुट (बालक वर्ग) में विख्यात सिंह प्रथम रहे। क्रिकेट प्रतियोगिता में इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कालेज, गाजियाबाद की टीम विजेता रही। बास्केटबाल में जीडी गोयनका विश्वविद्यालय की टीम विजेता रही। एसआरएमएस के चेयरमैन देवमूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति व टायरो क्लब अध्यक्ष तरुषि श्रीवास्तव ने विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान किए।